छत्तीसगढ़ की ईश्वरी ने दुबई में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में जीता रजत पदक

चर्चा में क्यों?

23 मार्च, 2022 को छत्तीसगढ़ के महासमुंद की दृष्टिबाधित धावक ईश्वरी निषाद ने दुबई में आयोजित 13वें फैजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतर्गत वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2022 में दौड़ प्रतियोगिता में भारत के लिये रजत पदक जीता।

प्रमुख बिंदु

- ईश्वरी निषाद ने 400 मीटर की दौड़ एक मिनट 25 सेकेंड में पूरी कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही ईश्वरी इस साल अक्टूबर में चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के लिये न्यूनतम मानक योग्यता हासिल करने में सफल हो गई हैं।
- उल्लेखनीय है कि 13वें फैजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन दुबई में 17 से 25 मार्च, 2022 तक किया गया।
- मूलत: महासमुंद ज़िले की बागबाहरा तहसील के ग्राम समहर की रहने वाली ईश्वरी निषाद फॉर्चून फाउंडेशन नेत्रहीन विशेष विद्यालय, बागबाहरा में अध्ययनरत् हैं।
- ईश्वरी ने 2016 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करना शुरू किया और पांच साल से लगातार स्वर्ण पदक जीत रही हैं। उन्होंने अब तक राष्ट्रीय स्पर्धाओं में 11 पदक हासिल किये हैं, जिनमें 5 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं।
- उन्होंने वर्ष 2021-22 में बंगलूरु सांई प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित इंडिया नेशनल ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीता था।
- गौरतलब है कि समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया ने विगत पाँच मार्च को राजधानी रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय सम्मान समारोह में ईश्वरी निषाद को राष्ट्रीय स्तर पर पैराएथलेटिक्स में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया था।
- ईश्वरी दुबई से लौटने के बाद भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले 20वें नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ishwari-of-chhattisgarh-won-silver-medal-in-world-para-athletics-grand-prix-in-dubai